**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या - 1046**

***सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)***

**तेलंगाना को लंबित वित्तीय सहायता और अनुदान**

**1046. श्री बलराम नाइक पोरिका:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास तेलंगाना को दिए जाने वाली कोई केंद्रीय वित्तीय सहायता और अनुदान लंबित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त लंबितता के क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार की तेलंगाना में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की कोई योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) जी, नहीं। व्यय विभाग के पास वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ख) से (घ): भारत सरकार 1.5 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से पूंजीगत निवेश 2024-25 के लिए राज्यों को विशेष सहायता हेतु स्कीम का कार्यान्वयन कर रही है। कुल आवंटन में से, 15,000 करोड़ रुपये की राशि **औद्योगिक विकास को प्रेरित** करने हेतु निर्धारित की गई है। इस भाग के अंतर्गत तेलंगाना राज्य निम्नलिखित प्रत्येक सुधारों को पूरा करने पर 200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकता है:

सुधार-1: स्टैंड अलोन कारखानों के लिए भूतल के नुकसान को न्यूनतम करने हेतु भवन विनियमों में संशोधन करना

सुधार-2: फ्लैटेड कारखानों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भवन विनियमों में संशोधन करना

सुधार-3: वाणिज्यिक भवनों के उर्ध्वाधर विकास को प्रोत्साहित करना

सुधार-4: औद्योगिक क्षेत्रों में हॉस्टलों के निर्माण की अनुमति देना

********